दिन–शनिवार दिनांक– 15 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा – पटना में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना की जाएगी।

02. बीएसएनएल ने पिछले सत्रह वर्षों में पहली बार चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में दो सौ बासठ करोड़ रूपये का मुनाफा अर्जित किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बक्सर में भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्ला खां के नाम पर संगीत विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – कल से राज्य के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी, जिससे ठंड में आयेगी कमी।

———————————————————————————

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि पटना में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना की जाएगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि आईटीआई अपग्रेड योजना को पूरे देश में लागू किया जाएगा और इसमें बिहार की बड़ी भूमिका होगी।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मुलाकात की। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा भी मौजूद थे।

———————————————————————————

आईआईटी पटना का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार भी समारोह में उपस्थित थे। इस अवसर पर कुल सात सौ तेरह छात्रों को उपाधि प्रदान की गयी। इनमें एक सौ बत्तीस छात्राएं हैं। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उपाधि प्राप्त करने वाले कुछ छात्रों ने अपने अनुभव साझा किये।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————————————————

भारत संचार निगम लिमिटेड, बीएसएनएल ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस की तीसरी तिमाही में दो सौ बासठ करोड़ रूपये का मुनाफा अर्जित किया है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पिछले सत्रह वर्षों में पहली बार बीएसएनएल ने एक तिमाही ने सर्वाधिक मुनाफा कमाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार टेलीकॉम सेक्टर डिजिटल इंडिया के भविष्य का मार्ग बनेगा।

———बाइट———

———————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भागलपुर से चौबीस फरवरी को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। इसके अंतर्गत नौ करोड़ सत्तर लाख किसानों को इक्कीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि जारी की जाएगी।

———बाइट———

———————————————————————————————————

समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आज से तीन दिवसीय किसान मेले की शुरूआत हुई। मेले का उद्‌घाटन सूचना और जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार किसानों के आर्थिक विकास के प्रति कृत संकल्पित है।

———बाइट———

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने बताया कि इस बार के किसान मेले की थीम "जलवायु अनुकूल कृषि से विकसित भारत की ओर" रखा गया है।

———बाइट———

———————————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बक्सर में संगीत विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की है। इसका नामकरण भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्ला खां के नाम पर किया

जायेगा। आज बक्सर में अपनी प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बक्सर आईटीआई मैदान में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण समेत कई अन्य घोषणाएं की। इससे पूर्व श्री कुमार ने चार सौ छिहत्तर करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

———————————————————————————

पटना जिले में बाढ़ के प्रसिद्ध उमानाथ मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

———बाइट———

———————————————————————————

मोकामा के नौरंगा गांव में पिछले दिनों हुई गोलीबारी के मामले में पटना जिला और सत्र न्यायालय ने पूर्व विधायक अनंत सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले एमपीएमएलए कोर्ट भी उनकी जमानत याचिका खारिज कर चुकी है।

———————————————————————————

और, अब खबरें महाकुंभ से.....

———रिपोर्ट———

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। माघ महीने की समाप्ति के बावजूद आज एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगायी। आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और चिराग पासवान ने पवित्र स्नान किया। इन सभी ने महाकुंभ में की गयी व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

———वॉक्सपॉप———

इधर, कल रविवार के दिन भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने कई अतिरिक्त व्यवस्थाएं की है। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

———————————————————————————

बोधगया में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ और बोधगया मैराथन समिति के संयुक्त तत्वावधान में कल बोधगया मैराथन का आयोजन किया जायेगा। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

बोधगया मैराथन में मंगोलिया के राजदूत गणबोल्ड दंब जाव मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में उनकी भागीदारी भारत—मंगोलिया संबंधों की 70वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। आयोजन समिति के अनुसार मैराथन में भारत सहित 19 देशों के लगभग 4000 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें विदेशी प्रतिभागियों की संख्या 300 से अधिक होगी। वहीं, ओटीए, बोधगया के लगभग 300 अधिकारी और कैडेट भी मैराथन में शामिल होंगे। इस आयोजन में 20 मठों के भिक्षु भी मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए बोधगया से धर्मवीर भारती।

———————————————————————————————

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की पांचवी कड़ी में प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा के बारे में नहीं है, बल्कि यह जीवन के हरेक पहलु को गतिशील करता है।

———बाइट———

———————————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि कल से राज्य के न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी, जिससे ठंड में कमी आयेगी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों में अधिकतम तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर जिले का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————————————

पटना के खगौल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने इस अवसर पर दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सौ से अधिक छात्र—छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने छात्र—छात्राओं को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस. के. झा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————————————

मुंगेर के तारापुर में शहीद हुये चौंतीस क्रांतिकारियों की शहादत दिवस आज राजकीय समारोह के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने

शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए एक सौ फीट ऊंचा तिरंगा फहराया। ये बिहार का सबसे ऊंचा तिरंगा है।

———————————————————————————————

भागलपुर के नाथनगर थाना क्षेत्र के रन्नुचक मकंदपुर गांव में एक विक्षिप्त युवक ने दो बुजुर्गों की लाठी–डंडे से पीट–पीट कर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित लोगों ने विक्षिप्त युवक को पकड़ कर उसकी जमकर पिटाई की, जिसमें उसकी मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा – पटना में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना की जाएगी।

02. बीएसएनएल ने पिछले सत्रह वर्षों में पहली बार चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में दो सौ बासठ करोड़ रूपये का मुनाफा अर्जित किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बक्सर में भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्ला खां के नाम पर संगीत विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – कल से राज्य के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी, जिससे ठंड में आयेगी कमी।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।